यह भी समझ लेना चाहिये कि, ये शेष सरकार की वित्तीय स्थिति का पूरा लेखा जोखा नहीं माने जा सकते हैं, क्योंकि ये राज्य की समस्त भौतिक परिसंपतियों यथा–भूमि, भवन, संचार साधन आदि को शामिल नहीं करते है, न ही कोई उपार्जित–देय राशियॉ अथवा बकाया दायित्व, जिन्हें सरकार द्वारा अनुसरण की जाने वाली नकद आधार की लेखा विधि के अंतर्गत लेखों में सम्मिलित नहीं किया जाता है।

वर्ष 2022–23 के अंत मे सरकारी लेखे के नामे निवल राशि निम्नानुसार निकाली गई है :–

(₹ करोड़ में)

नामे	सामान्य लेखे के क्षेत्र	लेखे के नाम	जमा
2,66,631.19	क	1 अप्रैल, 2022 को सरकारी लेखे का नामे शेष	निरंक
निरंक	ख	प्राप्ति शीर्ष (राजस्व लेखा)	2,03,986.19
निरंक	ग	विविध पूंजीगत प्राप्तियॉ	46.77
1,99,895.26(क)	घ	व्यय शीर्ष (राजस्व लेखा)	निरंक
44,438.37(ख)	ङ	व्यय शीर्ष (पूंजीगत लेखा)	निरंक
(-) 0.95	च	अंतर्राज्यीय परिशोधन (मु.शी. 7810)	(-) 0.78
2.64	छ	उचंत तथा विविध (मु.शी. 8680)	निरंक
निरंक	ज	आकस्मिकता निधि का अंतरण (मु.शी. 7999)	निरंक
निरंक		31 मार्च, 2023 को सरकारी लेखे के नामे शेष	3,06,934.33
5,10,966.51		**योग**	**5,10,966.51**

टीप :–

(i) कई प्रकरणों में अंतशेषों में मिलान न हो पाने वाले अंतर हैं। विसंगतियों के निपटान हेतु प्रयास किए जा रहे हैं।

(ii) संबंधित अधिकारियों को प्रतिवर्ष उनके सत्यापन और स्वीकारोक्ति हेतु शेष संप्रेषित किये जाते हैं। अधिकतर प्रकरणों में ऐसी स्वीकारोक्तियां प्राप्त नहीं हुई हैं।

(क) ₹ 2,02,087.69 करोड़ के सकल राजस्व व्यय में से पुनर्प्राप्तियों की राशि ₹ 2,192.43 करोड़ घटाने पर यह परिणाम है। (संदर्भ – विनियोग लेखे का परिशिष्ट–I)

(ख) ₹ 44,661.30 करोड़ के सकल राजस्व व्यय में से पुनर्प्राप्तियों की राशि ₹ 222.93 करोड़ घटाने पर यह परिणाम है (संदर्भ – विनियोग लेखे का परिशिष्ट–I)

वर्ष 2022–23 के लिए वित्त लेखे पर टिप्पणियाँ

1. महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सारांशः

(i) प्रस्तुतिकरण इकाई : ये लेखे मध्य प्रदेश सरकार के लेन–देनों को प्रस्तुत करते हैं। मध्यप्रदेश सरकार के प्राप्तियों और व्यय के लेखे 54 कोषालयों, 133 लोक निर्माण संभागों, 125 सिंचाई संभागों, 72 नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण संभागों, 60 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभागों, 73 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संभागों, 05 वेतन एवं लेखा कार्यालयों द्वारा प्रस्तुत किये गए प्रारंभिक लेखे तथा भारतीय रिजर्व बैंक की सूचनाओं के आधार पर संकलित किये गए हैं। किसी भी लेखे को वर्ष की समाप्ति पर अपवर्जित नहीं किया गया है। मध्य प्रदेश में प्राथमिक संकलन कोषालय द्वारा किया जाता है तथा द्वितीयक संकलन कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) द्वारा किया जाता है।

(ii) प्रस्तुतिकरण अवधि : इन लेखों की प्रस्तुतिकरण अवधि 01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 है।

(iii) प्रस्तुतिकरण मुद्रा : मध्यप्रदेश सरकार के लेखे भारतीय मुद्रा रुपये (₹) में रिपोर्ट किये जाते हैं।

(iv) लेखाओं का प्रारूप : भारत के संविधान के अनुच्छेद 150 के तहत, संघ और राज्यों के लेखाओं को ऐसे प्रारूप में रखा जाएगा, जो राष्ट्रपति, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की सलाह पर निर्धारित करें। अनुच्छेद 150 में प्रयुक्त शब्द 'प्रारूप' व्यापक अर्थों में है, जिसमें न केवल विस्तारित प्रारूप का निर्धारण शामिल है जिनमें लेखे रखे जाते हैं, अपितु लेखे के उपयुक्त शीर्षों के चयन का आधार भी है जिनके अंतर्गत लेन–देनों को वर्गीकृत किया जाता है, जो लेखे की रुपरेखा बनाता है।

(v) बजट और वित्तीय प्रस्तुतिकरण का आधार : भारत के संविधान के अनुच्छेद 202 के प्रावधानों के अनुसार, प्राक्कलित प्राप्तियों और व्यय का विवरण, वित्तीय वर्ष हेतु वार्षिक वित्तीय विवरण (बजट कहा जाता है) वित्तीय वर्ष के प्रारंभ होने से पूर्व अनुदान/विनियोजन के रूप में विधानमंडल में प्रस्तुत किया जाता है। बजट, प्राप्तियों और पुनःप्राप्तियों, जिन्हें अन्यथा व्यय की कमी के रूप में लेने की अनुमति होती है, के बिना सकल आधार पर प्रस्तुत किया जाता है। बजट और लेखे के शीर्षों से सम्बन्धित सभी अनुदानों/विनियोगों, जिनका शेष अग्रेषित नहीं किया जाता है, वित्तीय वर्ष के अन्त में व्यपगत होते हैं।

बजट एवं लेखे : राज्य के बजट एवं लेखे दोनों समान लेखांकन अवधि, रोकड़ आधारित लेखांकन तथा वर्गीकरण के समरूप आधार का अनुसरण करते हैं। भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की सलाह पर, महालेखा नियंत्रक (सी.जी.ए.) द्वारा अधिसूचित मुख्य एवं लघु शीर्षों की सूची के अनुसार लेखे को लघु शीर्ष स्तर तक वर्गीकृत किया जाता है। प्रत्येक राज्य में प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के कार्यालय द्वारा सहमति पर लघु शीर्ष से नीचे वर्गीकरण अनुसरण किये जाते हैं।

एक पृथक बजट तुलनात्मक विवरण विनियोग लेखे के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जो अनुदानों/विनियोगों की तुलना में वास्तविक संवितरण प्रस्तुत करता है।

रोकड़ आधार : पुस्तकीय समायोजन जो कि प्राधिकृत है के अपवाद के साथ लेखे प्रस्तुतिकरण अवधि के दौरान वास्तविक रोकड़ प्राप्तियों और संवितरण को प्रदर्शित करते हैं। वित्त लेखे में प्राप्तियां और संवितरण निवल आधार पर हैं अर्थात वसूलियां, कटौतियां तथा वापसियों का निवल।

पुस्तकीय समायोजन : पुस्तकीय समायोजन गैर–नकदी लेन–देन है, जो समायोजन/निपटान के रूप में लेखे में प्रदर्शित होते हैं। इनमें से कुछ लेन–देन लेखा प्रदान करने वाली इकाइयों जैसे कोषालयों, संभागों इत्यादि के स्तर पर होते हैं, जो लोक लेखा और संचित निधि के बीच धन अंतरण

हेतु 'शून्य' बिल, राजस्व प्राप्तियों/ऋण/लोक लेखा में वेतन से कटौतियों एवं वसूलियों के समायोजन हेतु होते हैं।

पुस्तकीय समायोजन महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के कार्यालय में भी किये जाते हैं। इनमें अन्य के साथ–साथ, संचित निधि को डेबिट करके लोक लेखे में निधियों का सृजन और अंशदान (उदाहणार्थ राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि, केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि, ऋण शोधन निधि आदि), संचित निधि को डेबिट करके लोक लेखे में लेखे के जमा शीर्ष को क्रेडिट करना, सामान्य भविष्य निधि तथा राज्य सरकार समूह बीमा योजना पर ब्याज के वार्षिक समायोजन हेतु मुख्य शीर्ष 2049–ब्याज भुगतान को डेबिट तथा लोक लेखे में संगत मुख्य शीर्ष को क्रेडिट करना, केन्द्रीय वित्त आयोग की सिफारिशों पर आधारित भारत सरकार की योजना के अंतर्गत कर्ज अधित्याग समायोजन, आकस्मिकता निधि की प्रतिपूर्ति आदि सम्मिलित है।

पूंजीगत एवं राजस्व व्यय में वर्गीकरण : स्थायी प्रकृति की मूर्त परिसंपत्ति (संगठन में उपयोग के लिए एवं व्यवसाय के सामान्य प्रक्रिया में बिक्री हेतु नहीं) को अर्जित करने के उद्देश्य या मौजूदा परिसंपत्ति की उपयोगिता बढ़ाने में किए गए महत्वपूर्ण व्यय को मुख्यतः पूंजीगत व्यय के रूप में परिभाषित किया जाता है। अनुरक्षण, मरम्मत, समारक्षण एवं कार्यचालन व्यय पर उत्तरवर्ती खर्चे जो परिसंपत्तियों को चालू क्रम में बनाये रखने के लिए आवश्यक हैं और साथ ही संगठन के दैनंदिन संचालन के लिए किये गए अन्य सभी व्यय, जिसमें स्थापना और प्रशासनिक व्यय शामिल है, को राजस्व व्यय के रूप से वर्गीकृत किया जाता है। लेखे में पूंजीगत एवं राजस्व व्यय को पृथक–पृथक दर्शाया जाता है।

भौतिक एवं वित्तीय परिसंपत्तियां व दायित्व : भौतिक परिसंपत्तियां एवं वित्तीय परिसंपत्तियां (जैसे निवेश, सरकार द्वारा दिये गए ऋण एवं अग्रिम आदि) के साथ–साथ देनदारियां जैसे ऋण आदि का ऐतिहासिक लागत पर मापन किया जाता है। भौतिक परिसंपत्तियों का मूल्यह्रास नहीं किया जाता है तथा वित्तीय परिसंपत्तियों का परिशोधन नहीं किया जाता है। भौतिक परिसंपत्तियों पर उनके जीवन काल के अंत में हुई हानि को भी खर्च या मान्य नहीं किया जाता है।

सहायता अनुदान : भारत सरकार लेखांकन मानक (आई.जी.ए.एस.) 2 : सहायता अनुदान का वर्गीकरण एवं लेखांकन, के अनुपालन में नकदी में सहायता अनुदान को, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा विशिष्ट रूप से प्राधिकृत मामलों के सिवाय, संवितरण के समय राजस्व व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है, भले ही अनुदानग्रहिता द्वारा इसका उपयोग परिसम्पत्तियों के सृजन सम्मिलित किया जाता है। सभी प्राप्त अनुदान, राजस्व प्राप्तियों के रूप में मान्य होते हैं। राज्य सरकार द्वारा प्रदान किये गये सहायता अनुदान के लेखांकन एवं वर्गीकरण की आवश्यकताओं को पूरा करने का विवरण वित्त लेखे के विवरण संख्या 10 तथा परिशिष्ट III में दर्शाया जाता है। वस्तु के रूप में दिये गए सहायता अनुदान के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं है।

ऋण एवं अग्रिम : भारत सरकार लेखांकन मानक (आई.जी.ए.एस.) 3 के अनुपालन में : सरकार द्वारा दिए गए ऋण एवं अग्रिम, राज्य सरकार द्वारा दिए गए ऋणों एवं अग्रिमों का ब्यौरा वित्त लेखे के विवरण संख्या 7 एवं 18 में प्रदर्शित किया जाता है। 31 मार्च 2023 तक विवरणों में प्रदर्शित अंत शेष की स्वीकृति राज्य सरकार से प्रतीक्षित है।

सेवानिवृत्ति लाभ : प्रस्तुतिकरण अवधि के दौरान संवितरित सेवानिवृत्ति लाभ लेखे में परिलक्षित किये गये हैं, किन्तु पुरानी पेंशन योजना के अंतर्गत कर्मचारियों के संबंध में राज्य सरकार की भविष्य की पेंशन देनदारियां अर्थात सरकारी कर्मचारी की अतीत और वर्तमान सेवा हेतु सेवानिवृत्ति लाभ के भुगतान की देनदारियां लेखे में समाविष्ट नहीं है।

(vi) पूर्णांकन : ये लेखे ऐसे आंकड़े प्रस्तुत करते हैं, जिन्हें लाख ₹ एवं करोड़ ₹ में पूर्णांकित किया जाता है, जैसा कि संबंधित विवरण पत्रकों के शीर्ष पर दर्शाया जाता है। खंड–1 एवं खंड–2 के क्रमशः संक्षिप्त विवरण पत्रकों एवं विस्तृत विवरण पत्रकों के मध्य, ₹ 0.01/0.02 लाख/करोड़ का न्यून अंतर, जहाँ भी घटित हो रहा है, पूर्णांकन के कारण है।

(vii) रोकड़ शेष : लेखे में दर्ज रोकड़ शेष भारतीय रिजर्व बैंक के केन्द्रीय लेखा अनुभाग द्वारा राज्य सरकार के लेखे में दर्ज एक वर्ष के 31 मार्च के अंत तक राज्य की शेष राशि है। रोकड़ शेष वर्ष के लिए राज्य की संचित निधि, आकस्मिकता निधि और लोक लेखे में अंतर्निहित रोकड़ लेन–देन के बाद शेष राशि दर्शाता है। पुस्तकीय समायोजन रोकड़ शेष को प्रभावित नहीं करते हैं। वित्त लेखे में दर्ज नकद शेष भारतीय रिजर्व बैंक के पुस्तकों से पुनर्मिलान के अधीन है। मध्य प्रदेश सरकार की रोकड़ शेष स्थिति कंडिका 5(vii) में दर्शायी गई है।

(viii) आकस्मिक और प्रतिबद्ध देनदारियों का प्रकटीकरण : आकस्मिक देनदारियां अभिज्ञात नहीं होती हैं। भारत सरकार लेखांकन मानक (आई.जी.एस.एस.) 1 के अनुपालन में : 'सरकार द्वारा दी गई प्रत्याभूतियां, राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए ब्यौरे के अनुसार प्रत्याभूतियों के क्षेत्रवार ब्यौरे वित्त लेखे के विवरण 9 एवं 20 में प्रकट किए गए हैं।

सरकार प्रतिबद्धता लेखांकन का पालन नहीं करती एवं लेखे में प्रतिबद्धताओं को दर्ज नहीं किया जाता है और न ही मान्य प्रतिबद्धता के विरुद्ध दायित्व दर्ज की जाती हैं। राज्य सरकार से वित्त लेखे में 'परिशिष्ट XII–सरकार की प्रतिबद्ध देयताएं' हेतु जानकारी भी प्रतीक्षित है।

(ix) पास थ्रू लेन–देन : राज्य द्वारा संग्रहित प्राप्तियों की प्रकृति में पास थ्रू लेन–देन को अन्य इकाई में अंतरण करने की आवश्यकता को वित्त लेखे पर टिप्पणियों में दर्शाया जाता है। इसमें राज्य कैम्पा निधि में वर्ष के संग्रह का 10 *प्रतिशत* वार्षिक आधार पर राष्ट्रीय निधि में हस्तांतरित करना शामिल नहीं है, वर्ष 2022–23 के दौरान एकत्रित राशि को उपयोगकर्ता एजेंसियों ने सीधे भारत सरकार के कैम्पा निधि में जमा किया है।

2. लेखांकन ढांचा का अनुपालन :

(i) मासिक लेखे के संवरण के पश्चात कोषालयों द्वारा लेखाओं की नॉन फ्रीजिंग : मासिक लेखे के संवरण के पश्चात कोषालयों द्वारा लेखाओं को फ्रीज नहीं किये जाने से कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) कार्यालय में मासिक लेखे की प्रस्तुतिकरण के पश्चात डाटा में जोड़–तोड़ करने की संभावना उत्पन्न हो सकती है तथा राज्य सरकार एवं ए.जी. कार्यालय के बीच आंकड़े/डाटा भिन्न हो सकते हैं। मध्य प्रदेश में, मासिक लेखे के समापन के पश्चात एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली (आई.एफ.एम.आई.एस.) में मासिक लेखे की फ्रीजिंग तथा उसे प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के कार्यालय को भेजने का कोई प्रावधान नहीं है। राज्य सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है, यद्यपि इसका कार्यान्वयन किया जाना अभी बाकी है।

(ii) अप्राधिकृत शीर्ष का प्रचालन : वर्ष 2022–23 के दौरान, मध्य प्रदेश सरकार ने पूंजी अनुभाग के अंतर्गत 02 अप्राधिकृत लघु शीर्ष के तहत बजट प्रावधान किया तथा इन शीर्षों में पूंजीगत अनुभाग के अंतर्गत ₹ 130.00 करोड़ व्यय किया। मामले को राज्य सरकार के समक्ष उठाया गया है।

(iii) बिना सलाह के लेखे के/नए उप शीर्ष/विस्तृत शीर्ष खोलना : भारत के संविधान के अनुच्छेद 150 के अनुसार राज्य के लेखे को भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा दी गई सलाह के प्रपत्र अनुसार रखा जाना है। वर्ष 2022–23 के दौरान मध्य प्रदेश सरकार ने प्रधान महालेखाकार की सलाह के बिना जैसा कि भारत के संविधान के तहत आवश्यक है, बजट में 388 नए उप शीर्ष (राजस्व अनुभाग के अंतर्गत 346, पूंजी अनुभाग के अंतर्गत 42) खोले। इन नए उप शीर्षों में से, 60 नए उप शीर्ष (राजस्व अनुभाग के अंतर्गत 45, पूंजी अनुभाग के अंतर्गत 15) में ₹ 10 करोड़ और उससे अधिक

का बजट प्रावधान है। राज्य सरकार ने वर्ष 2022–23 के दौरान इन शीर्षों में राजस्व अनुभाग के अंतर्गत ₹ 2,153.86 करोड तथा पूंजी अनुभाग के अंतर्गत ₹ 6,464.54 करोड़ का व्यय किया। मामले को राज्य सरकार के समक्ष उठाया गया है।

(iv) बजट प्रावधान के वर्णन में विसंगति एवं त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण : वर्ष 2022–23 हेतु राज्य सरकार के बजट दस्तावेज में लेखे के निम्नलिखित शीर्षों के संबंध में सही बजट प्रावधान तथा व्यय के वर्गीकरण का वर्णन नहीं हुआ है :

(क) मध्यप्रदेश सरकार ने पूंजीगत शीर्ष के अंतर्गत राजस्व व्यय एवं राजस्व शीर्ष के अंतर्गत पूंजीगत व्यय का बजट प्रावधान किया है। राजस्व तथा पूंजी के बीच त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण कण्डिका 3(ii) राजस्व तथा पूंजी व्यय के मध्य त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण में वर्णित किया गया है।

(ख) शासकीय लेखांकन नियमावली 1990 के नियमावली 26(घ) में अनुबंध है कि शासकीय लेखे में, लेखे शीर्ष का वर्गीकरण जैसा कि संघ तथा राज्य के लेखे के मुख्य एवं लघु शीर्ष की सूची में निर्धारित है का सख्ती से अनुपालन किया जाए। वर्ष 2022–23 के दौरान राज्य सरकार ने लेखे के विभिन्न उप–मुख्य शीर्ष एवं लघु शीर्ष के अंतर्गत बजट प्रावधान किया जो संघ एवं राज्य के मुख्य एवं लघु शीर्ष की सूची के अनुरूप नहीं है। अप्राधिकृत शीर्ष एवं इसके तहत किए गए व्यय का ब्यौरा कण्डिका 2(ii) – अप्राधिकृत शीर्ष के प्रचालन में वर्णित है।

(ग) संघ तथा राज्यों के मुख्य तथा लघु लेखाशीर्षों की सूची के सामान्य निर्देशों के अंतर्गत कण्डिका 3.4 के अनुसार आरक्षित निधि/जमा लेखे से वित्त पोषित राशि राजस्व, पूंजी या ऋण अनुभाग में कार्यात्मक मुख्य/उप मुख्य शीर्ष जहां वास्तविक व्यय नामे रहता है के अंतर्गत कटौती प्रविष्टि के रूप में लघु शीर्ष 'कटौती – (आरक्षित लेखे/जमा लेखे का नाम) ..... से पूरी की गई राशि' के अंतर्गत पृथक कोड '901, 902' इत्यादि में दर्शाई जायेगी।

मध्य प्रदेश सरकार ने अपने बजट में पृथक कोड (901) के प्रचालन के स्थान पर आरक्षित निधि/जमा लेखे से वित्त पोषित राशि के लिए कटौती प्रविष्टि दर्शाने के उद्देश्य से लघु शीर्ष/योजना जहां वास्तविक व्यय नामे रहता है के अंतर्गत बजट में विस्तृत शीर्ष 74–वसूलियों का प्रचालन किया है। फलस्वरूप लेखे के उन शीर्षों के अंतर्गत निवल व्यय वर्णित होता है। यह संघ तथा राज्यों के मुख्य तथा लघु लेखाशीर्षों की सूची/लेखे का प्रारूप के अनुपालन में नहीं है।

3. समेकित/संचित निधि :

(i) वस्तु एवं सेवा कर : वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) 01 जुलाई 2017 से लागू किया गया। वर्ष 2021–22 में ₹ 22,028.52 करोड़ की तुलना में वर्ष 2022–23 के दौरान राज्य जी.एस.टी. संग्रहण ₹ 23,396.79 करोड़ था, इस प्रकार ₹ 1,368.27 करोड़ (6.21 प्रतिशत) की वृद्धि दर्ज की गई। इसमें आई.जी.एस.टी. के अग्रिम प्रभाजन से सम्बंधित ₹ 937.01 करोड़ की राशि सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त, राज्य को केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर के अंतर्गत राज्य को सौंपे गए निवल आगम के हिस्से के रूप में ₹ 21,064.17 करोड़ प्राप्त हुए। जी.एस.टी. के अंतर्गत कुल प्राप्तियां ₹ 44,460.96 करोड़ थी। राज्य को वर्ष 2022–23 के दौरान जी.एस.टी. के कार्यान्वयन से उत्पन्न राजस्व की हानि के कारण राजस्व प्राप्ति के रूप में ₹ 4,571.80 करोड़ की क्षतिपूर्ति प्राप्त हुई।

वर्ष 2022–23 के दौरान, राज्य सरकार द्वारा पूर्व वर्ष से संबंधित राज्य जी.एस.टी. (एस.जी.एस.टी.) की समायोजन प्रविष्टियां नहीं की गईं थीं।

संगत आंकड़े वित्त लेखे के विवरण संख्या 14 में उपलब्ध है।

(ii) राजस्व एवं पूंजी व्यय के मध्य त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण : वर्ष 2022–23 के दौरान मध्यप्रदेश सरकार ने राजस्व अनुभाग के बजाय पूंजी अनुभाग के अंतर्गत ₹ 2,381.92 करोड़ तथा पूंजी अनुभाग के बजाय राजस्व अनुभाग के अंतर्गत ₹ 3.92 करोड़ का व्यय त्रुटिपूर्ण रूप से दर्ज किया, जैसा कि व्यय के उद्देश्य से निर्धारित किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप राजस्व व्यय उस सीमा तक निवल न्यूनोक्त हुआ। राज्य के राजस्व व्यय पर गलत वर्गीकरण का प्रभाव पैरा 6 के अंतर्गत दिया गया है।

इसका संदर्भ वित्त लेखे के विवरण 4, 5, 15 एवं 16 के आंकड़ों में है।

(iii) सी.सी.ओ.एवं प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के बीच प्राप्तियों तथा व्यय का पुनर्मिलान : सभी नियंत्रक अधिकारियों को प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) मध्य प्रदेश, द्वारा लेखाबद्ध किये गए आंकड़ों के साथ सरकार की प्राप्तियों और व्यय का पुनर्मिलान करना आवश्यक है। मध्य प्रदेश में, बजट नियंत्रक अधिकारियों के बजाय निदेशालय कोष एवं लेखा, लेखा एवं हकदारी कार्यालय से आंकड़ों का प्राथमिक रूप से पुनर्मिलान कर रहा है। वर्ष के दौरान राज्य सरकार द्वारा प्राप्ति राशि ₹ 1,77,121.05 करोड़ (समेकित निधि के अंतर्गत कुल प्राप्तियों का 67.00 प्रतिशत) तथा व्यय राशि ₹ 2,36,395.56 करोड़ (समेकित निधि के अंतर्गत कुल व्यय का 87.98 प्रतिशत) का पुनर्मिलान किया गया।

तुलना में, वर्ष 2021–22 अर्थात गतवर्ष के दौरान राज्य सरकार द्वारा प्राप्ति राशि ₹ 1,64,260.33 करोड़ (कुल प्राप्तियों का 87.59 प्रतिशत) तथा व्यय राशि ₹ 2,13,151.46 करोड़ (कुल व्यय का 94.72 प्रतिशत) का पुनर्मिलान किया गया।

(iv) लघु शीर्ष 800–अन्य व्यय एवं 800–अन्य प्राप्तियां के अंतर्गत दर्ज राशियाँ : जब लेखे में उपयुक्त लघु शीर्ष की व्यवस्था न हो केवल तभी लघु शीर्ष 800–अन्य व्यय/800–अन्य प्राप्तियां का संचालन किया जाना चाहिए। लघु शीर्ष 800 के नियमित संचालन को निरुत्साहित किया जाना चाहिए चुंकि, यह लेखा को अपारदर्शी बनाता है।

वर्ष 2022–23 के दौरान, लेखे में ₹ 36,879.90 करोड़ लेखे के 67 मुख्य शीर्ष के अंतर्गत लघु शीर्ष 800–अन्य व्यय के अंतर्गत वर्गीकृत किये गये जो कुल राजस्व तथा पूंजी व्यय (₹ 2,44,333.63 करोड़) का 15.09 प्रतिशत है। गत वर्ष के दौरान, लेखे में ₹ 31,934.23 करोड़ लेखे के 66 मुख्य शीर्ष के अंतर्गत लघु शीर्ष 800–अन्य व्यय के अंतर्गत वर्गीकृत किये गये जो कुल राजस्व तथा पूंजीगत व्यय (₹ 2,21,794.41 करोड़) का 14.40 प्रतिशत था।

इसी प्रकार, लेखे में ₹ 9,366.41 करोड़ लेखे के 50 मुख्य शीर्षों के अंतर्गत 800–अन्य प्राप्तियां के अंतर्गत वर्गीकृत किये गये, जो कुल राजस्व प्राप्तियां (₹ 2,03,986.19 करोड़) का 4.59 प्रतिशत है। गत वर्ष के दौरान, लेखे में ₹ 9,371.07 करोड़ लेखे के 49 मुख्य शीर्षों के अंतर्गत 800–अन्य प्राप्तियां के अंतर्गत वर्गीकृत किये गये, जो कुल राजस्व प्राप्तियां (₹ 1,85,875.85 करोड़) का 5.04 प्रतिशत था।

वर्ष 2022–23 के दौरान, लेखा के 02 मुख्य शीर्षों के अंतर्गत ₹ 128.00 करोड़, उपयुक्त लघु शीर्ष के बजाय लघु शीर्ष 800–अन्य व्यय के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया, जो कुल निवेश (₹ 2,371.94 करोड़) का 5.40 प्रतिशत है। गत वर्ष के दौरान, लेखा के 4 मुख्य शीर्षों के अंतर्गत ₹ 488.12 करोड़ लेखा में लघु शीर्ष 190–निवेश के बजाय लघु शीर्ष 800–अन्य व्यय के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया, जो कुल निवेश (₹ 3,564.73 करोड़) का 13.69 प्रतिशत था।

इसका संदर्भ वित्त लेखे के विवरण 14, 15 एवं 16 से है।

(v) व्यक्तिगत जमा (पी.डी.) लेखे में निधि का अंतरण : पी.डी. लेखे मनोनीत आहरण अधिकारी को योजना के संबंध में विशिष्ट उद्देश्य हेतु व्यय करने के लिए सक्षम करते हैं।

वर्ष 2022–23 के दौरान, ₹ 5,417.63 करोड़ की राशि इन पी.डी. लेखों में अंतरित की गयी। इसमें मार्च 2023 में अंतरण किए गए ₹ 888.00 करोड़ शामिल हैं, जिसमें से ₹ 200.00 करोड़ मार्च 2023 के अंतिम कार्य दिवस पर राज्य की संचित निधि से अंतरित किए गए। मार्च में अंतरित राशि, वर्ष के दौरान पी.डी. लेखे में राज्य की संचित निधि से कुल अंतरण का 16.39 प्रतिशत है।

मध्य प्रदेश कोषालय संहिता के नियम 359 व 376 के अनुसार व्यक्तिगत जमा लेखे के प्रशासक कोषालय से शेष का पुनर्मिलान तथा आवश्यक सत्यापन कर प्रत्येक वर्ष 30 अप्रैल को या उससे पहले कोषालय अधिकारी को प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा। कोषालय अधिकारी कोषालय अभिलेख से उक्त प्रमाण–पत्र का सत्यापन कर प्रत्येक वर्ष 31 मई तक प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) को शेष के सत्यापन का प्रतिवेदन प्रेषित करेगा।

व्यक्तिगत जमा लेखे के 281 प्रशासकों (814 में से) ने कोषालय आंकड़ों के साथ उनके शेषों का पुनर्मिलान कर सत्यापित किया तथा प्रधान महालेखाकार कार्यालय को अग्रवर्ती प्रस्तुतिकरण हेतु, 281 वार्षिक सत्यापन प्रमाण–पत्र कोषालय अधिकारियों को प्रस्तुत किये गए। व्यक्तिगत जमा लेखे के 533 प्रशासकों ने कोषालय अभिलेख से शेष का पुनर्मिलान तथा सत्यापन नहीं किया था। दिनांक 31.03.2023 तक के पी.डी. खातों का ब्यौरा नीचे दिया गया है :

(₹ करोड़ में)

अप्रैल 2022 को प्रारंभिक शेष		वर्ष 2022–23 के दौरान वृद्धि		वर्ष 2022–23 के दौरान बंद/आहरण		31 मार्च 2023 को अंत शेष	
प्रशासकों की संख्या	राशि	प्रशासकों की संख्या	राशि	प्रशासकों की संख्या	राशि	प्रशासकों की संख्या	राशि
814	2,636.40	10	5,417.63*	03	5,700.45**	821	2,353.57#

* वर्ष के दौरान ₹ 5,417.63 करोड़ में से केवल ₹ 22.07 करोड़ 10 नए खुले पी.डी. लेखे से संबंधित है।

** वर्ष के दौरान ₹ 5,700.45 करोड़ में से केवल ₹ 0.18 करोड़ 03 बंद पी.डी.लेखे से संबंधित है।

\# बंद शेष में ₹ 0.01 करोड़ का अंतर पूर्णांक के कारण है।

मध्यप्रदेश कोषालय संहिता में व्यवस्था है कि प्रशासक उन योजना/परियोजना का विस्तृत लेखा रखेंगे, जिनके लिए इन्हें खोला गया है। हालांकि यदि कोई पी.डी. लेखा तीन वर्षों की अवधि हेतु संचालित नहीं किया गया है एवं विश्वास किये जाने का कारण है कि ऐसे जमा लेखों की आवश्यकता समाप्त हो गई है, तो इसे बन्द किया जाएगा। ₹ 214.39 करोड़ शेष वाले 199 परिचालकों के व्यक्तिगत जमा तीन वर्षों से अधिक के लिए अप्रचलित हैं। राज्य सरकार को इसके बारे में सूचित कर दिया गया है।

दिनांक 31.03.2022 तक के पी.डी. खातों का ब्यौरा नीचे दिया गया है :

(₹ करोड़ में)

अप्रैल 2021 को प्रारंभिक शेष		वर्ष 2021–22 के दौरान वृद्धि		वर्ष 2021–22 के दौरान बंद/आहरण		31 मार्च 2022 को अंत शेष	
प्रशासकों की संख्या	राशि	प्रशासकों की संख्या	राशि	प्रशासकों की संख्या	राशि	प्रशासकों की संख्या	राशि
816	4,962.59	निरंक*	4,064.64	02	6,390.83	814	2,636.40

* कोई नया प्रशासक जोड़ा नहीं गया है तथा मौजूदा पी.डी. खाते में परिवर्धन किया गया।

संगत आंकड़े वित्त लेखे के विवरण संख्या 21 में उपलब्ध है।

(vi) असमायोजित संक्षिप्त आकस्मिक (ए.सी.) बिल : राज्य सरकार ने दिनांक 02 सितम्बर 1999 को जारी आदेश द्वारा सभी विभागों हेतु ए.सी.बिल आहरण पर प्रतिबंध लगाया। हालांकि राष्ट्रीय कैडेट कोर के संबंध में खेल और युवा कल्याण विभाग को ए.सी. बिल आहरण के लिए अनुमति (दिनांक 10 फरवरी 2009 को जारी आदेश द्वारा) दी गई। लेकिन राज्य सरकार ने दिनांक 24 मई 2013 के अपने आदेश के जरिए खेल और युवा कल्याण विभाग को राष्ट्रीय कैडेट कोर के संबंध में ए.सी.बिल आगे आहरण न करने के निर्देश दिये। डी.सी.सी. बिल के प्रस्तुतिकरण के लिए कोई भी असमायोजित ए.सी. बिल नहीं हैं। ए.सी.देयकों पर आहरण हेतु मध्य प्रदेश सरकार द्वारा कोई विकल्प पद्धति अंगीकार नहीं की गई है।

(vii) सहायता अनुदान हेतु बकाया उपयोगिता प्रमाण–पत्र (यू.सी.) : मध्य प्रदेश वित्तीय संहिता के नियम 182 से 184 के अनुसार, अनुदानग्राही को प्राप्त सहायता अनुदान के संबंध में उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्रत्येक वर्ष 30 सितम्बर तक या इससे पहले विभागीय अधिकारियों द्वारा महालेखाकार को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। उपयोगिता प्रमाण–पत्र न जमा करने की स्थिति में वित्त लेखे में दर्शायी गई राशि लाभार्थियों तक नहीं पहुंचने का जाखिम बना रहता है।

वर्ष 2022–23 के दौरान, वर्ष 2021–22 की अवधि तक की 177 बकाया यू.सी. से संबंधित ₹ 12,054.91 करोड़ समाशोधित किये गए। 31 मार्च 2023 को बकाया यू.सी. की स्थिति नीचे दी गई है:

(₹ करोड़ में)

वर्ष	बकाया यू.सी. की संख्या	राशि
2021–22 तक	19521	14,132.07
2022–23	416	4,739.50
योग	**19937**	**18,871.57**

* उपरोक्त वर्ष 'नियत वर्ष' से संबंधित है।

\# वर्ष 2022–23 के दौरान परिवर्धन 28 यू.सी. जिनकी राशि ₹ 1,813.79 करोड़ है जो वर्ष 2023–24 में देय होगा।

31 मार्च 2022 तक बकाया यू.सी. की स्थिति नीचे दी गई है :

(₹ करोड़ में)

वर्ष	बकाया यू.सी. की संख्या	राशि
2020–21 तक	19600	15,533.96
2021–22	514*	15,392.52
योग	**20114**	**30,926.48**

* मध्य प्रदेश वित्तीय संहिता के नियम 182 के अनुसार, 31 मार्च 2022 तक भुगतान किये गए अनुदानों के संबंध में उपयोगिता प्रमाण पत्र दिनांक 30 सितंबर 2022 को या उसके पूर्व देय होंगे।

इसका संदर्भ वित्त लेखे के विवरण 10 एवं परिशिष्ट III से है।

(viii) ब्याज समायोजन : सरकार, श्रेणी ञ–आरक्षित निधि (क–ब्याज वाली आरक्षित निधियां) एवं ट–जमा तथा अग्रिम (क–ब्याज वाली जमा) के तहत शेष से संबंधित ब्याज के भुगतान/समायोजन करने के लिए उत्तरदायी है, और इस प्रयोजन के लिए लेखा के मुख्य एवं लघु शीर्ष की सूची में विशिष्ट उप–मुख्य शीर्ष प्रदान किए गए हैं।

वर्ष 2022–23 के दौरान सरकार द्वारा भुगतान की गई इन निधियों/जमाओं एवं ब्याज का विवरण नीचे दिया गया है :

(₹ करोड़ में)

निधि / जमा	01 अप्रैल 2022 को शेष	ब्याज के परिकलन हेतु आधार	देय ब्याज	भुगतान किया गया ब्याज	ब्याज का कम भुगतान
सरकारी कर्मचारियों के लिए परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना	20.29	सरकार द्वारा अधिसूचित ब्याज की दर के अनुसार परिकलित ब्याज / सामान्य भविष्य निधि पर देय ब्याज की दर 7.1%	1.44	निरंक	1.44
राज्य क्षतिपूरक वनरोपण जमा	13.42	पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के परिपत्र के अनुसार परिकलित ब्याज दर 3.35%	0.45	निरंक	0.45
राज्य क्षतिपूरक वनरोपण निधि	6,739.78	पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के परिपत्र के अनुसार परिकलित ब्याज दर 3.35%	225.78	निरंक	225.78
राज्य आपदा मोचन निधि	1,121.80	अधिविकर्षण दर में लागू दर पर परिकलित ब्याज (रेपो दर + 2%, जो 7.49% है)	84.02	4.72	79.30
राज्य आपदा शमन निधि	136.24	अधिविकर्षण दर में लागू दर पर परिकलित ब्याज (रेपो दर + 2%, जो 7.49% है)	10.20	9.78	0.42
		कुल	**321.89**	**14.50**	**307.39**

₹ 307.39 करोड़ ब्याज का भुगतान न होने से परिणामस्वरूप राजस्व व्यय की उस सीमा तक न्यूनोक्ति हुई।

इसका संदर्भ वित्त लेखे के विवरण संख्या 15, 21 एवं 22 के आंकड़ों से है।

(ix) सरकार द्वारा दी गई प्रत्याभूति : मध्यप्रदेश सरकार वित्तीय उत्तरदायित्व तथा बजट प्रबंधन अधिनियम 2005 के अनुसार, कुल बकाया सरकारी प्रत्याभूतियां, पिछले वर्ष की राज्य राजस्व प्राप्तियों के 80 *प्रतिशत* से अधिक नहीं होगी। 01 अप्रैल 2022 को ₹ 35,005.52 करोड़ की बकाया प्रत्याभूतियां, वर्ष 2021–22 की राज्य राजस्व प्राप्तियों (₹ 1,85,875.85 करोड़) का 18.83 *प्रतिशत* है एवं निर्धारित सीमा के अंदर है।

वर्ष 2022–23 के दौरान, राज्य सरकार को प्रत्याभूति कमीशन के रूप में ₹ 36.58 करोड़ प्राप्त हुए, जो 01 अप्रैल 2022 तक बकाया प्रत्याभूति राशि ₹ 4,566.75 करोड़ (01 अप्रैल 2022 तक बकाया प्रत्याभूति ₹ 35,005.52 करोड़ में से मुक्त की गयी प्रत्याभूति ₹ 30,438.77 करोड़ घटाकर) का 0.80 *प्रतिशत* था। मध्यप्रदेश सरकार के वित्त विभाग के दिनांक 06.01.2010 की अधिसूचना के अनुसार, मध्यप्रदेश सरकार द्वारा दी गई प्रत्याभूतियों के एवज में एकमुश्त प्राप्त प्रत्याभूति शुल्क की वसूली हेतु विभिन्न दरें[1] निर्दिष्ट की गयी हैं। वर्ष 2022–23 हेतु राज्य सरकार द्वारा प्राप्य प्रत्याभूति शुल्क ₹ 112.09 करोड़ है।

संबंधित आंकड़े वित्त लेखे के विवरण 9, 14 एवं 20 में उपलब्ध हैं।

[1] 1 वर्ष की अवधि के दौरान प्रत्याभूति की दर–1 प्रतिशत, 1 वर्ष से अधिक एवं 3 वर्ष तक 2.5 प्रतिशत, 3 वर्ष से अधिक एवं 5 वर्ष तक–4 प्रतिशत, 5 वर्ष से अधिक तथा 10 वर्ष तक–7.5 प्रतिशत, 10 वर्ष से अधिक–10 प्रतिशत

(x) पारिस्थितिकी और पर्यावरण पर व्यय : राज्य सरकार द्वारा पर्यावरण पर किए गए व्यय को लेखा के विभिन्न कार्यात्मक शीर्षों के अंतर्गत लघु शीर्ष के स्तर तक वित्त लेखे में दर्शाया जाता है। वर्ष 2022–23 के दौरान, मध्यप्रदेश सरकार द्वारा अनुदान 04–पर्यावरण के अंतर्गत मुख्यशीर्ष 2215 एवं 2217 के अन्तर्गत ₹ 22.15 करोड़ के बजट आवंटन के विरुद्ध ₹ 14.21 करोड़ का व्यय किया गया। गत वर्ष 2021–22 के दौरान, मध्य प्रदेश सरकार ने अनुदान संख्या 57–पर्यावरण के अंतर्गत मुख्य शीर्ष 2215, 2217 एवं 4217 के अंतर्गत ₹ 25.25 करोड़ के बजट आवंटन के विरुद्ध ₹ 25.03 करोड़ व्यय किया गया।

इसका संदर्भ वित्त लेखे के विवरण 15 एवं 16 से है।

(xi) केन्द्रीय ऋणों का बट्टे खाते में डालना : तेरहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के पश्चात वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 29 फरवरी 2012 के सभी आदेशों, की श्रृंखला द्वारा केन्द्रीय योजनागत एवं केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के लिए 31 मार्च 2010 तक विभिन्न मंत्रालयों (स्वयं वित्त मंत्रालय द्वारा दिए गए अग्रिमों को छोड़कर) द्वारा राज्य सरकार को दिए गए ऋणों को बट्टे खाते में डाल दिया गया था। वित्त मंत्रालय ने राज्य सरकारों को आदेश की प्रभावी तिथि (31 मार्च 2010) से किए गए मूलधन और ब्याज की अधिक पुनर्भुगतान को समायोजित करने और वित्त मंत्रालय को भविष्य में किये जाने वाले पुनर्भुगतान के विरुद्ध इसके कार्यान्वयन की अनुमति दी है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 31 मार्च 2012 की समाप्ति तक ₹ 49.85 करोड़ (मूलधन ₹ 24.35 करोड़ एवं ब्याज ₹ 25.50 करोड़) का अधिक पुनर्भुगतान किया गया था, जिसमें से, वित्त मंत्रालय ने अभी तक ₹ 25.78 करोड़ समायोजित किए हैं।

इसका संदर्भ वित्त लेखे के विवरण 17 से है।

(xii) राज्य सरकार द्वारा दिये गए ऋण : 31 मार्च 2023 तक राशि ₹ 1,659.63 करोड़ के पुराने ऋण, जिसमें 29 विभागों द्वारा अपनी एजेंसियों को दिये गये ऋण तथा 10 वर्ष से अधिक की अवधि के ऋण शामिल है, के संबंध में मूलधन की वसूली पिछले कई वर्षों के दौरान प्रभावी नहीं हुई है।

राज्य सरकार द्वारा सांविधिक निकायों/अन्य इकाइयों को ऋण जिसके लिए ऋण के पुनः भुगतान के निबंधन एवं शर्तें नहीं बनाई गई है, का ब्यौरा प्रस्तुत नहीं किया गया है।

प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) द्वारा वार्षिक रूप से ऋण शेष (जहां प्रधान महालेखाकार द्वारा विस्तृत लेखा संधारित किया जाता है) सत्यापन एवं स्वीकृति हेतु ऋण स्वीकृत करने वाले विभागों को अग्रेषित किये जाते है, हालांकि किसी ऋणी ने शेषों की पुष्टि नहीं की है। शेषों के पुनर्मिलान हेतु विभागीय/कोषालय अधिकारियों से प्रतीक्षित सूचना का विवरण वित्त लेखे के परिशिष्ट–VII में उपलब्ध कराया गया है।

इसका संदर्भ वित्त लेखे के विवरण 7 एवं 18 से है।

(xiii) प्रतिबद्ध देनदारियां : बारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के संबंध में, प्रोद्भवन आधारित लेखांकन की ओर बढ़ने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा कार्रवाई करने हेतु पहल की गई है। चुंकि यह पारगमन चरणों में होगा, लेखांकन के प्रोद्भवन आधारित प्रणाली में बदलाव के लिए, निर्णय लेने में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विवरण के रूप में अतिरिक्त जानकारी को नकद लेखांकन की वर्तमान प्रणाली में सम्मिलित करने की आवश्यकता है। राज्य सरकार द्वारा प्रतिबद्ध देनदारियों के बारे में जानकारी प्रदाय की गई है, जो कि अपूर्ण है तथा जिसे उस सीमा तक परिशिष्ट–XII में शामिल किया गया है।

(xiv) ब्लॉक अनुदानों को छोड़कर केन्द्र प्रायोजित योजनाओं (सी.एस.एस.)/अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता (ए.सी.ए.) का पुनर्गठन : योजना/गैर योजना के विलय के परिणामस्वरूप, जारी

केन्द्रीय सहायता को अब केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के तहत केन्द्रीय सहायता/शेयर के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के तहत दर्ज कुल व्यय ₹ 47,828.59 करोड़ (राजस्व व्यय ₹ 25,271.47 करोड़ तथा पूंजीगत व्यय ₹ 22,557.12 करोड़) है, जिसमें केन्द्र प्रायोजित योजनाओं हेतु केन्द्रीय सहायता तथा राज्यांश में से व्यय शामिल है।

इसका संदर्भ वित्त लेखे के विवरण 15 एवं 16 से है।

(xv) राज्य में क्रियान्वयन संस्थाओं को केन्द्रीय योजना निधियों का प्रत्यक्ष हस्तांतरण (राज्य बजट से बाहर उपलब्ध कराई गई निधि) : सी.जी.ए. के सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पी.एफ.एम.एस.) पोर्टल के अनुसार, वर्ष 2022–23 के दौरान राज्य में क्रियान्वयन संस्थाओं/लाभार्थियों को ₹ 27,112.51 करोड़ प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त हुए।

क्रियान्वयन संस्थाओं को प्रत्यक्ष अंतरण में, वर्ष 2021–22 की तुलना में 373.72 *प्रतिशत* की वृद्धि हुई (वर्ष 2021–22 में ₹ 3,430.09 करोड़ से वर्ष 2022–23 में ₹ 16,249.12 करोड़)। विवरण परिशिष्ट–VI में उपलब्ध है।

(xvi) राज्य सरकार की ऑफ बजट देनदारियां : राज्य सरकार द्वारा उनके बजट दस्तावेजों में ऑफ बजट देनदारियों का प्रकटीकरण नहीं किया गया।

ऑफ बजट उधार लेना सरकार की जिम्मेदारी/देनदारी है, क्योंकि मूलधन और उस पर ब्याज अनिवार्य रूप से सरकारी बजट के माध्यम से राज्य इकाई को सहायता या अनुदान के रूप में दिया जाता है। वे राजकोषीय संतुलन को प्रभावित करते हैं। वर्ष 2022–23 में मध्य प्रदेश राज्य सरकार द्वारा ऑफ बजट उधारियों के लेखे पर सहायता/अनुदान के रूप में ₹ 564.40 करोड़ उपलब्ध कराए गए। सरकार ने वर्ष 2022–23 के दौरान कोई प्रत्याभूति प्रदत्त नहीं की।

(xvii) सिंगल नोडल एजेंसी (एस.एन.ए.) को निधि अंतरण : वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने पत्र सं.1(13) पी.एफ.एम.एस./एफ.सी.डी./2020 दिनांक 23.03.2021 के द्वारा सिंगल नोडल एजेंसी के माध्यम से जारी निधि के उपयोग की निगरानी तथा केन्द्रीय प्रायोजित योजना (सी.एस.एस.) के अंतर्गत निधि के जारी होने की प्रक्रिया अधिसूचित की थी। राज्य सरकार द्वारा सरकारी व्यवसाय संचालित करने के लिए प्रत्येक सी.एस.एस. हेतु एस.एन.ए. की अधिकृत अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक में अपने बैंक खाते के साथ स्थापना की जाती है। प्रक्रिया के अनुसार राज्य सरकार को अपने लेखे में प्राप्त केन्द्रांश को संबंधित राज्यांश के साथ संबंधित एस.एन.ए. के खाते में अंतरण करना होता है।

राज्य सरकार को वर्ष 2022–23 के दौरान अपने कोषालय लेखे में केन्द्रांश ₹ 21,237.40 करोड़ प्राप्त हुआ। 31 मार्च, 2023 को राज्यांश ₹ 15,603.02 करोड़ था, सरकार द्वारा कोषालय लेखे में प्राप्त ₹ 19,883.83 करोड़ का केन्द्रांश तथा एस.एन.ए. को ₹ 14,298.04 करोड़ का राज्यांश अंतरित किया गया। महालेखाकार कार्यालय को एस.एन.ए. से वास्तविक व्यय के विस्तृत प्रमाणक तथा समर्थित दस्तावेज प्राप्त नहीं हुए। राज्य सरकार/एस.एन.ए. द्वारा सूचित किया गया कि 31 मार्च 2023 तक एस.एन.ए. के बैंक खाते में ₹ 12,081.03 करोड़ अव्ययित पड़े हुए हैं।

4. आकस्मिकता निधि : मध्यप्रदेश आकस्मिकता निधि अधिनियम 1957 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मध्यप्रदेश राज्य की आकस्मिकता निधि से निधि की अभिरक्षा, उससे धनों के भुगतान और उसमें से धनों के आहरण से संबंधित या इन सब बातों में सहायक समस्त विषयों का नियमन करने हेतु मध्यप्रदेश आकस्मिकता निधि नियम, 1957 बनाये गये। मध्यप्रदेश राज्य की आकस्मिकता निधि का कोष ₹ 1,000 करोड़ है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 267(2) के प्रावधानों का

उल्लंघन करते हुए, ₹ 10.00 करोड़ की स्वीकृति के विरुद्ध आकस्मिकता निधि से ₹ 29.40 करोड़ का व्यय (मुख्य शीर्ष 2013 – मंत्री परिषद) किया गया। ₹ 19.40 करोड़ के आधिक्य आहरण की 31 मार्च, 2023 तक राज्य की आकस्मिकता निधि में प्रतिपूर्ति नहीं की गई है। ब्यौरा नीचे दिया गया है :–

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	मुख्य शीर्ष	राशि
1.	2013–मंत्री परिषद	19.40

31 मार्च 2023 तक समेकित निधि में ₹ 980.60 करोड़ का शेष है।

संदर्भित आंकड़े वित्त लेखे के विवरण 1, 2 तथा 21 में उपलब्ध है।

5. लोक लेखा :

(i) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एन.पी.एस.) : लेखांकन प्रक्रिया में अनुबंध है कि एन.पी.एस. अंशदान प्रथम उदाहरण के रूप में मुख्य शीर्ष 8342 में क्रेडिट किया जाता है तथा वहाँ से, यह एन.एस.डी.एल. /न्यासी बैंकों में जाता है। राज्य सरकार उपरोक्त प्रक्रिया का अनुपालन नहीं कर रही है तथा मुख्य शीर्ष 8342 के स्थान पर मुख्य शीर्ष 0071 प्रयोग कर रहा है। वर्ष 2022–23 के दौरान, परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना का कुल अंशदान ₹ 5,862.80 करोड़ था (कर्मचारी अंशदान ₹ 2,472.56 करोड़ तथा शासकीय अंशदान ₹ 3,390.24 करोड़)। वित्त लेखे के विवरण संख्या 15 में शासकीय अंशदान पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। सरकार ने संपूर्ण अंशदान की राशि को मुख्यशीर्ष 0071 के अंतर्गत लघुशीर्ष 500–'अंतरण के लिए प्रतीक्षित प्राप्तियों' को अंतरित कर दिया है, तथा ₹ 5,865.24 करोड़ वर्ष के दौरान एन.एस.डी.एल. को अंतरित किये गए, जो कि वर्ष के दौरान कुल अंशदान से अधिक है।

(ii) (अ) ब्याज वाली आरक्षित निधियां

(क) राज्य आपदा मोचन निधि (एस.डी.आर.एफ.) : राज्य आपदा मोचन निधि के गठन तथा प्रचालन पर दिशा–निर्देशों के संदर्भ में (मुख्यशीर्ष '8121 सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियाँ' के अंतर्गत जो कि ब्याज वाले अनुभाग के अंतर्गत है) केन्द्र तथा राज्य सरकार को 75:25 के अनुपात में निधि का अंशदान करने की आवश्यकता है। वर्ष 2022–23 के दौरान, राज्य सरकार को केन्द्र सरकार के अंशदान के रूप में ₹ 1,528.80 करोड़ प्राप्त हुए। राज्य सरकार का अंशदान वर्ष के दौरान ₹ 509.60 करोड़ है। राज्य सरकार द्वारा मुख्य शीर्ष 8121–122–राज्य आपदा मोचन निधि (एस.डी.आर.एफ.) के अंतर्गत ₹ 2,043.12 करोड़ (केन्द्रांश ₹ 1,528.80 करोड़ एवं एस.डी.आर.एफ. का राज्यांश ₹ 509.60 करोड़ तथा ₹ 4.72 करोड़ का ब्याज) अंतरित किए गए। राज्य को एन.डी.आर.एफ. के विरुद्ध केन्द्र सरकार से कोई राशि प्राप्त नहीं हुई।

(ख) राज्य आपदा शमन निधि (एस.डी.एम.एफ.) : राज्य आपदा शमन निधि (एस.डी.एम.एफ.) आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के धारा 48(i)(ग) के अंतर्गत गठित किया जाना है। यह निधि समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित राज्य विनिर्दिष्ट स्थानीय आपदा तथा राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि (एस.डी.आर.एफ.)/राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया निधि (एन.डी.आर.एफ.) के दिशा निर्देशों के अंतर्गत आने वाले आपदा के संबंध में विशेषतः शमन योजना के प्रयोजन हेतु है। राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना सं. आर.सी./VII/एस–8/2021–22/345 दिनांक 29.06.2021 के जरिए मुख्यशीर्ष 8121 –130–राज्य आपदा शमन निधि के अंतर्गत एस.डी.एम.एफ. का सृजन किया गया है।

वर्ष 2022–23 के दौरान, केन्द्र सरकार से राज्य सरकार को ₹ 191.10 करोड़ प्राप्त हुए। वर्ष के दौरान राज्य सरकार का अंश ₹ 63.70 करोड़ है। संपूर्ण राशि (केन्द्रांश ₹ 191.10 करोड़, राज्यांश ₹ 63.70 करोड़ एवं ₹ 9.78 करोड़ ब्याज) निधि में अंतरित की गई है।

(ग) राज्य क्षतिपूर्ति वनरोपण निधि : पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में राज्य सरकारों को क्षतिपूर्ति वनरोपण आरंभ करने हेतु उपयोगकर्ता संस्थाओं से प्राप्त राशि के लिए राज्य के लोक लेखे में ब्याज वाले अनुभाग के अंतर्गत राज्य क्षतिपूर्ति वनरोपण निधि स्थापित करना आवश्यक है।

वर्ष 2022–23 के दौरान, राज्य सरकार ने पुष्टि की कि उपयोगकर्ता संस्थाओं द्वारा भारत सरकार के केन्द्रीय कैम्पा निधि में सीधे ₹ 625.24 करोड़ जमा किए गए। हालांकि वर्ष 2022–23 के दौरान, राज्य सरकार को भारत सरकार, पर्यावरण मंत्रालय, राष्ट्रीय क्षतिपूर्ति वनरोपण जमा से कोई राशि प्राप्त नहीं हुई। 31 मार्च 2023 तक राज्य क्षतिपूर्ति वनरोपण निधि में कुल शेष ₹ 6,739.99 करोड़ था।

लेखे के अनुसार ₹ 0.22 करोड़ तथा ₹ 8.84 करोड़ की राशि क्रमशः मुख्य शीर्ष 8121–129–राज्य क्षतिपूर्ति वनरोपण निधि तथा मुख्य शीर्ष 8336–103–'राज्य क्षतिपूर्ति वनरोपण' जमा के अंतर्गत जमा किए गए हैं।

(ब) बिना ब्याज वाली आरक्षित निधियां :

(क) समेकित ऋण शोधन निधि : मध्य प्रदेश सरकार ने ऋण के परिशोधन हेतु समेकित ऋण शोधन निधि अभी तक गठित नहीं की है। भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा–निर्देशों के अनुसार, राज्यों को पिछले वर्ष की समाप्ति पर उनकी बकाया देनदारियों का न्यूनतम 0.5 प्रतिशत समेकित ऋण शोधन निधि में अंशदान करने की आवश्यकता है।

(ख) प्रत्याभूति विमोचन निधि : मध्य प्रदेश राज्य सरकार ने अधिसूचना दिनांक 27.01.2006 के द्वारा वर्ष 2006 में प्रत्याभूति विमोचन निधि का गठन किया, जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रशासित किया जाता है। योजनानुसार, राज्य सरकार द्वारा गत वर्ष में प्रत्याभूति शुल्क के रूप में एकत्र हुई राशि के साथ उस प्रत्याभूति शुल्क के बराबर की राशि राज्य सरकार द्वारा एक समान अंशदान का अंतरण इस निधि में किया जाना अपेक्षित है। इसके अलावा राज्य सरकार समय–समय पर कोई भी राशि इस निधि में अंतरित कर सकता है। वर्ष के दौरान, सरकार ने निधि में ₹ 31.44 करोड़ (बकाया अंशदान) के विरुद्ध केवल ₹ 15.72 करोड़ का अंशदान किया, जिससे राजस्व व्यय में उतनी न्यूनोक्ति हुई। 31 मार्च 2023 तक निधि का कुल संचय ₹ 1,051.16 करोड़ था (31 मार्च 2022 तक ₹ 1,035.44 करोड़)।

निधि में संव्यवहार वित्त लेखे के विवरण 21 एवं 22 में प्रदर्शित किया गया है।

(ग) केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सी.आर.आई.एफ.) : भारत सरकार के राजपत्रित अधिसूचना दिनांक 31.03.2018 द्वारा भूतपूर्व केन्द्रीय सड़क निधि (सी.आर.एफ.) का नाम परिवर्तित कर केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि रखा गया है। सी.आर.आई.एफ. राष्ट्रीय राजमार्ग के विकास एवं संधारण, रेलवे योजनाओं, रेलवे में सुरक्षा के सुधार, राज्य एवं ग्रामीण सड़कों तथा अन्य अवसंरचनाओं आदि के लिए प्रयोग होगा।

वर्तमान लेखांकन प्रक्रिया के संदर्भ में, राज्य को केन्द्र से प्राप्त अनुदानों को प्रारंभ में मुख्य शीर्ष 1601 के अंतर्गत राजस्व प्राप्तियों के रूप में दर्ज किया जाना है। तत्पश्चात प्राप्त राशि को क्रियात्मक मुख्यशीर्ष के माध्यम से लोक लेखे के अंतर्गत मुख्यशीर्ष 8449–103–सी.आर.आई.एफ. के संसहायिकी के अंतरित किया जाना है।

वर्ष 2022–23 के दौरान, राज्य सरकार को सी.आर.आई.एफ. के विरुद्ध ₹ 573.96 करोड़ का अनुदान प्राप्त हुआ था। लोक लेखे में राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि प्रचालित नहीं की जाती है। हालांकि वर्ष 2022–23 में अनुदान 24–लोक निर्माण कार्य, योजना कोड 0948–केन्द्रीय सड़क निधि के अंतर्गत ₹ 800 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया, जिसके विरुद्ध ₹ 725.69 करोड़ व्यय किया गया। ₹ 573.96 करोड़ के अनुदान का व्यय प्रत्यक्ष रूप से लोक लेखे के माध्यम से बिना क्रम के किया गया।

(iii) उचंत एवं प्रेषण शेष : वित्त लेखे, उचंत एवं प्रेषण शीर्षों के अन्तर्गत निवल शेषों को प्रदर्शित करते हैं। इन शीर्षों के अन्तर्गत बकाया शेषों को विभिन्न शीर्षों के अन्तर्गत बकाया नामे एवं जमा शेषों को पृथक–पृथक समेकित कर निकाला गया है, 31 मार्च 2023 तक मुख्यशीर्ष 8658 के अंतर्गत ₹ (–) 573.26 करोड़ (नामे) तथा मुख्यशीर्ष 8782 के अंतर्गत ₹ 6,402.02 करोड़ (जमा) बकाया शेष था (31 मार्च 2022 तक ₹ 5,750.60 करोड़)।

इन शीर्षों के अंतर्गत बकाया शेषों का निराकरण नहीं किये जाने से राज्य सरकार के लेखों (जिन शेषों को प्रतिवर्ष अग्रेषित किया जाता है) के विभिन्न शीर्षों के अन्तर्गत प्राप्ति/व्यय के आंकड़ों तथा शेषों की शुद्धता प्रभावित होती है।

(iv) चैक तथा बिल : मुख्यशीर्ष 8670 चैक और बिल के अंतर्गत जमा शेष ऐसे चेकों की ओर इंगित करता है जो जारी किये गये परन्तु उनका नगदीकरण नहीं किया गया। 01 अप्रैल 2022 को प्रारंभिक शेष ₹ 629.31 करोड़ (जमा) था। वर्ष 2022–23 के दौरान, ₹ 1,81,939.43 करोड़ के चेक जारी किए गए, जिसके विरुद्ध वर्ष के दौरान ₹ 1,80,810.92 करोड़ का नकदीकरण किया गया, जिससे 31 मार्च 2023 तक ₹ 1,757.81 करोड़ (जमा) का अंत शेष रह गया। अंत शेष, विभिन्न कार्यात्मक मुख्य शीर्षों के अंतर्गत विभिन्न वित्तीय वर्षों में मूल रूप से दर्ज किए गए व्यय को दर्शाता है, जिसके परिणामस्वरूप 31 मार्च 2023 तक मध्यप्रदेश सरकार का कोई नकद बहिर्गमन नहीं हुआ है।

(v) अन्य उपकर/शुल्क/अधिभार : मध्य प्रदेश उपकर अधिनियम, 1981 के नियम 3(2) के अनुसार, गत वर्ष में संग्रहित ऊर्जा विकास उपकर, आगामी वर्ष में निधि में अंतरित किये जाने चाहिये। वर्ष 2021–22 के दौरान, ऊर्जा विकास उपकर के रूप में संग्रहित ₹ 889.02 करोड़ में से राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष ऊर्जा विकास निधि में ₹ 500 करोड़ अंतरित किये गए। इससे उस सीमा तक (₹ 389.02 करोड़) राजस्व व्यय की न्यूनोक्ति हुई, वर्ष 2022–23 के दौरान सरकार ने ऊर्जा विकास उपकर के रूप में ₹ 710.29 करोड़ संग्रहीत किये।

(vi) प्रतिकूल शेष : वर्ष के दौरान लेखे में प्रदर्शित ऋणात्मक शेष नीचे दिये गये हैं। त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण के कारण इन शीर्षों के अंतर्गत ऋणात्मक शेष परिलक्षित हो रहे हैं एवं समीक्षा/सुधार के अधीन हैं :

(₹ करोड़ में)

मुख्य शीर्ष	मुख्य शीर्ष विवरण	ऋणात्मक शेष
8342–120	विविध जमा	155.76
8443–109	वन जमा	3.45
8443–111	अन्य विभागीय जमा	21.79

(vii) रोकड़ शेष : प्रधान महालेखाकार के अभिलेख के अनुसार 31 मार्च 2023 तक रोकड़ शेष ₹ 4,969.81 करोड़ (जमा) तथा आर.बी.आई. द्वारा सूचित किया गया ₹ 119.04 करोड़ (नामे) था। ₹ 4,850.77 करोड़ (जमा) का निवल अंतर मुख्यतः एजेंसी बैंकों तथा कोषालय अधिकारियों के द्वारा

लेन–देनों की त्रुटिपूर्ण रिपोर्टिंग के कारण था। माह जून 2023 तक ₹ (–) 80.05 करोड़ की नामे की मदों तथा ₹ 3,144.43 करोड की जमा की मदों का पुनर्मिलान किया गया है जिसके फलस्वरूप 30 जून 2023 को निवल अंतर घटकर ₹ 1,626.30 करोड़ (जमा) रह गया था।

प्रधान महालेखाकार के अभिलेख के अनुसार 31 मार्च 2022 को नकद शेष ₹ 1,117.71 करोड़ (जमा) था तथा आर.बी.आई. द्वारा सूचित किया गया नकद शेष ₹ 157.02 करोड़ (नामे) था। ₹ 960.69 करोड़ (जमा) का निवल अंतर मुख्यतः एजेंसी बैंकों तथा कोषालय अधिकारियों के द्वारा लेन–देनों की त्रुटिपूर्ण रिपोर्टिंग के कारण है।

31 मार्च 2023 को मध्य प्रदेश सरकार के सामान्य रोकड़ शेष में सी.एस.एस. हेतु राज्य द्वारा 10 मार्च 2023 तक प्राप्त केन्द्रांश ₹ 23,197.61 करोड़ का रोकड़ शेष भी शामिल है। इस राशि को उपयोग करने हेतु राज्य सरकार को प्रतिबंधित किया गया है तथा उस राशि का अंतरण 21 दिनों के अंदर प्रत्येक सी.एस.एस. लेखा की सिंगल नोडल एजेंसी में किया जाना आवश्यक था। गत वर्ष अर्थात 31 मार्च 2022 तक की तुलनात्मक स्थिति में उक्त राशि ₹ 19,550.85 करोड़ थी।

6. त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण का प्रभाव : राज्य के वित्त पर सांविधिक प्रावधानों का अनुपालन न करने /त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण का राजस्व व्यय पर प्रभाव, जैसा कि पूर्ववर्ती कण्डिकाओं में प्रदर्शित है, नीचे सारणीबद्ध किया गया है :

(₹ करोड़ में)

कण्डिका क्र.	मद	राजस्व व्यय पर प्रभाव	
		आधिक्य	न्यूनोक्ति
3(ii)	राजस्व और पूंजी के बीच त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण	--	2,378.00
3(viii)	ब्याज का भुगतान न करना	--	307.39
5(ii)(ब)(ख)	प्रत्याभूति विमोचन निधि	--	15.72
5(v)	अन्य उपकर/शुल्क/अधिभार	--	389.02
	योग (निवल) प्रभाव	**--**	**3,090.13**

© भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक
www.cag.gov.in